भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2804 का उत्तर

असरवा-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी में कोच संरचना

2804. श्री राजकुमार रोत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में असरवा-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगे हुए सामान्य, शयनयान, वातानुकूलित और अन्य श्रेणियों के कोचों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त रेलगाड़ी में सामान्य और आरक्षित श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है और प्रतीक्षा सूची की स्थिति क्या है;

(ग) क्या सामान्य श्रेणी के कोचों की कम संख्या के कारण उक्त रेलगाड़ी में अत्यधिक भीड़भाड़ हो रही है, जिससे विशेषकर राजस्थान और गुजरात के दैनिक यात्रियों, मजदूरों और छात्रों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि हाँ, तो प्राप्त शिकायतों और इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, सरकार उक्त रेलगाड़ी में दो अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच जोड़ने या एक अतिरिक्त रेलगाड़ी सेवा संचालित करने पर विचार कर रही है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और निर्धारित अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च) वर्तमान में, 17 जोड़ी रेलगाड़ियां (12981/82 असारवा-खातीपुरा एक्सप्रेस सहित) जयपुर खातीपुरा-असारवा खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। रेलगाड़ियों की

सूची निम्नानुसार है:

क्र.सं	गाड़ी सं और नाम
1	12957/12958 साबरमती-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस
2	12215/12216 दिल्ली सराय रोहिल्ला- बांद्रा (टी) गरीब रथ एक्सप्रेस
3	12547/12548 आगरा कैंट- साबरमती एक्सप्रेस
4	12915/12916 साबरमती-दिल्ली एक्सप्रेस
5	12981/12982 खातीपुरा - असारवा एक्सप्रेस
6	14311/14312 बरेली-भुज एक्सप्रेस
7	14701/14702 श्री गंगानगर- बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
8	15269/15270 मुजफ्फरपुर-साबरमती एक्सप्रेस
9	19031/19032 साबरमती-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस
10	19269/19270 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस
11	19401/19402 साबरमती-लखनऊ एक्सप्रेस
12	19409/19410 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस
13	19415/19416 साबरमती-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस
14	20937/20938 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस
15	20939/20940 साबरमती-सुल्तानपुर एक्सप्रेस
16	20963/20964 साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस
17	22547/22548 ग्वालियर-साबरमती एक्सप्रेस

वर्तमान में 12981/12982 खातीपुरा - असारवा एक्सप्रेस 04 (चार) साधारण श्रेणी के सवारी डिब्बों और 05 (पांच) शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बों के साथ परिचालित की जा रही है। वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 (जून, 26 तक) के दौरान 12981/82 असारवा - खातीपुरा (जयपुर) एक्सप्रेस की अधिभोगिता 100% से अधिक थी, जो 103% से 111% के बीच थी।

भारतीय रेल में, रेलगाड़ियों की प्रतीक्षा सूची की स्थिति की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है और अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल परिचलनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन, अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराने हेतु विशेष रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन करता है और रेलगाड़ियों के भार को संवर्धित करता है। इसके अलावा, रेलगाड़ियों का अधिभोग पैटर्न सम्पूर्ण वर्ष एक समान नहीं रहता है और यह कम और व्यस्तम अवधि में भिन्न होता है। व्यस्तम अवधि के दौरान, रेलगाड़ियों की अधिभोगिता विशेष रूप से लोकप्रिय मार्गों पर पूर्ण रहती है अर्थात कम व्यस्तम अवधि और कम लोकप्रिय मार्गों पर, उप-इष्टतम उपयोग होता है।

साधारण सवारी डिब्बे:

भारतीय रेल ने अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए सुविधाओं में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही, कम से कम 4 साधारण श्रेणी के सवारी डिब्बे वाली लंबी दूरी की विभिन्न गाड़ियों में 1250 साधारण सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया। इसी प्रकार, वर्ष 2025-26 के दौरान 160 साधारण श्रेणी सवारी डिब्बों सहित लगभग 870 सवारी डिब्बों का उपयोग स्थायी संवर्धन के लिए किया गया है।

भारतीय रेल ने अगले 5 वर्षों में, निम्न और मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों की यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (साधारण/शयनयान) के विनिर्माण करने का कार्य शुरू कर दिया है।

जैसा कि नीचे दर्शाया गया है भारतीय रेल पर, अवातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत लगभग 70% है:

तालिका 1: सवारी डिब्बों का वितरण

अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (साधारण और शयनयान)	~62,000	~70%
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	~27,000	~30%
कुल सवारी डिब्बे	~89,000	100%

तालिका 2 : सीटों का वितरण

सीटों के प्रकार	सीटों की संख्या	प्रतिशत
अवातानुकूलित सीटें	~ 54 लाख	~78 %
वातानुकूलित सीटें	~ 15 लाख	~22 %
कुल सीटें	~ 69 लाख	100%

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत और रेलगाड़ी सेवाओं का संवर्धन एक सतत प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- **उस खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता**
- **रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता**
- **खंड का अधिभोग और यातायात संबंधी आवश्यकता**

रेल मदद पोर्टल भारतीय रेल का शिकायत निवारण तंत्र है, जो यात्रियों को शिकायत, सहायता और पूछताछ के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। रेल मदद में यात्री हेल्पलाइन नंबर-139, रेल मदद वेब, ऐप और एसएमएस जैसे अनेक माध्यमों के जरिए संपर्क कर सकते हैं। रेल मदद यात्रियों को अपनी शिकायतों के समाधान पर प्रतिक्रिया साझा करने की भी अनुमति प्रदान करता है।

******